तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **डी. आर. मेघवाल** बनाम **लोक सूचना अधिकारी** **(अतिरिक्त जिला कलक्टर (ग्रामीण जोधपुर ग्रामीण)** सू.अ.अपील संख्या 92 / 2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
31–07–24	अपीलार्थी **डी. आर. मेघवाल** निवासी **ग्राम सरेचा बस स्टेण्ड के पास तहसील लूणी वाया धुन्धाडा जोधपुर** ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 22/04/2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के उम्मीदवार अणदाराम उर्फ आनन्द चौहान द्वारा प्रस्तुत नामांकन प्रपत्र की प्रति मय संलग्न दस्तावेजो की सत्यापित प्रतिलिपि से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी **(अतिरिक्त जिला कलक्टर (ग्रामीण जोधपुर ग्रामीण)** को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारीं द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष **(अतिरिक्त जिला कलक्टर (ग्रामीण जोधपुर ग्रामीण)** से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष **(अतिरिक्त जिला कलक्टर (ग्रामीण जोधपुर ग्रामीण)** से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी **(अतिरिक्त जिला कलक्टर (ग्रामीण जोधपुर ग्रामीण)** को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर–ग्रामीण जिला कलक्टर जोधपुर (ग्रामीण) राज.	